सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

25 फाल्गुन, 1947 (श०)

संख्या - 113 राँची, सोमवार, 16 मार्च, 2026 (ई०)

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ।

अधिसूचना

16 मार्च, 2026

संख्या-11/जनगणना 2027-01/2026- 663/रा०,--जनगणना 2027 के सुचारू रूप से संचालन के क्रम में विभिन्न प्रशासनिक ईकाईयों को मानव बल (तकनीकी सहायक तथा बहु-कार्य कर्मचारी) उपलब्ध कराया जाना है साथ ही मानव बल को देय मानदेय, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता तथा अन्य अनुमान्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने से संबंधित गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्र संख्या 9/35/2025-CD(Cen) दिनांक 24.12.2025 भारत की जनगणना 2027-परिपत्र संख्या 7 को अंगीकृत करते हुए तदालोक में राज्य सरकार झारखण्ड राज्य अंतर्गत राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय, नगर निगम एवं चार्ज स्तरीय तकनीकी सहायकों एवं बहु-कार्य कर्मचारी (एमटीएस) की नियक्ति आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से करने का निर्णय लेती है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :-

प्रशासनिक इकाई	मानव संसाधन की अनुमति	प्रशासनिक इकाई की संख्या	तकनीकी सहायक	एमटीएस	कुल
राज्य स्तर	4 तकनीकी सहायक, 2 एम०टी०एस०	1	4	2	6
जिला स्तर	2 तकनीकी सहायक, 1 एम०टी०एस०	24	48	24	72
नगर निगम स्तर	2 तकनीकी सहायक, 1 एम०टी०एस०	9	18	9	27
चार्ज स्तर	1 तकनीकी सहायक	Rural-264 Urban-41	305	-	305
		कुल मानव संसाधन	375	35	410

2. आउटसोर्स से नियुक्त कर्मियों की सेवा माह जून, 2027 तक मान्य होगी ।

3. आउटसोर्स से नियुक्त कर्मियों द्वारा भविष्य में नियमित नियोजन का दावा मान्य नहीं होगा ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

मंजू रानी स्वांसी,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
झारखण्ड गजट (असाधारण) 113 - 50